सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 19 | इंदौर, शनिवार 08 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## न्यायिक मुद्दों पर 2 दिन राष्ट्रीय मंथन, इंदौर पहुंचे CJI

# सुप्रीम-हाईकोर्ट जज और सीएम समेत कई विद्वान जुटेंगे

### 'द टेपेस्ट्री ऑफ जस्टिस' से होगी शुरुआत



**इंदौर। इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 8 और 9 अगस्त को वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिन तक पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा।**

जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विधिक सेवा प्राधिकरणों के पदाधिकारी, न्यायिक अधिकारी और अन्य प्रतिष्ठित नागरिक शामिल होंगे। पहले दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शिरकत करेंगे।

वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस 'Enhancing Access to Justice' का उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षक-प्रमुख जस्टिस सूर्यकांत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस विक्रम नाथ, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं गोवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पर्यवेक्षण न्यायाधीश जस्टिस मनमोहन, तथा सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीश शामिल होंगे।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षक-प्रमुख जस्टिस विवेक रूसिया, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद पाठक तथा वेस्ट जोन राज्यों के हाईकोर्ट के न्यायाधीश भी मौजूद रहेंगे।

# भारत समेत 5 देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएगा अमेरिका!

### रूस पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल सीनेट में पास

**नई दिल्ली, (एजेंसी).** US सीनेट (अमेरिका की राज्यसभा) ने रूस और उसके पेट्रोलियम उत्पादों के मुख्य खरीदारों (जैसे चीन और भारत) पर फाइन लगाने वाले बिल को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी है. तर्क दिया गया कि इस तरह का व्यापार यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देता है. इस बिल का नाम बदलकर 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' कर दिया गया है और इसे सीनेट ने 86-11 वोटों से मंजूरी दी. यह बिल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन देशों के सामान पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अनुमति देता है जो रूसी तेल और गैस के शीर्ष पांच आयातक हैं.वर्तमान में चीन, भारत, अजरबैजान, हंगरी और स्लोवाकिया रूस से तेल और गैस के टॉप पांच खरीदार हैं. रूस पर प्रतिबंधों के अलावा, यह बिल 'ईरान सैंक्शन एक्ट ऑफ 1996' की टाइम लिमिट को 2031 तक बढ़ा देगा. यह कानून ईरान के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने वाली कंपनियों पर फाइन लगाएगा. दोनों पार्टियों के समर्थन वाले इस बिल को रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम (जिनका 11 जुलाई को निधन हो गया) और डेमोक्रेट रिचर्ड ब्लूमेंथल ने आगे बढ़ाया था. कीव की यात्रा के बाद ग्राहम के अचानक निधन के बाद, दोनों पार्टियों के नेताओं ने नए जोश के साथ बिल को पास कराने और यूक्रेन के सहयोगी के रूप में दिवंगत सीनेटर की विरासत का सम्मान करने के लिए कदम उठाए.

## छिंदवाड़ा में एक्शन मोड में सीएम मोहन यादव

## 'मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026' की शुरुआत

# लापरवाही पर सीएमएचओ, तहसीलदार और पटवारी सस्पेंड

**छिंदवाड़ा/भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार को छिंदवाड़ा में एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने एक ओर प्रदेश में 'मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026' की शुरुआत की, वहीं दूसरी ओर जनता की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई का संदेश भी दिया। छिंदवाड़ा में शिकायतों की सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएमएचओ डॉ. नरेश गुन्नाड़े, एक तहसीलदार और एक पटवारी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अभियान की शुरुआत के दौरान स्पष्ट किया कि सरकार अब सिर्फ राजधानी और कार्यालयों से नहीं चलेगी, बल्कि हर शुक्रवार अफसरों और जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जाकर समस्याएं सुननी होंगी। इसके लिए शुक्रवार को प्रदेश में 'नो मीटिंग डे' रहेगा।**

### पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण जानकारी, छिंदवाड़ा सीएमओ तत्काल प्रभाव से निलंबित

मुख्यमंत्री को सीमा तुमराम ने बताया कि उन्होंने प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत की थीं। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर दर्ज त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री ने इसे विभागीय लापरवाही मानते हुए संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिन्दवाड़ा डॉ. नरेश गुन्नाड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

### सम्मान निधि का लाभ नहीं, तहसीलदार और पटवारी निलंबित

ख्यमंत्री को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में मीना बंजारा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। समीक्षा में पाया गया कि परासिया तहसील के संबंधित पटवारी द्वारा गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण आवेदिका योजना के लाभ से वंचित रही। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीर मानते हुए परासिया तहसील के संबंधित तहसीलदार सुनैना ब्रम्हे और एक पटवारी सिद्धान्त साहू को निलंबित किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता के माध्यम से आवेदिका को एक वर्ष की सहायता राशि प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

### सीईओ चौरई और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृद्धि रूकी

मुख्यमंत्री को मानवती वर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में पति संतोष वर्मा की मृत्यु के बाद उन्हें पात्रता अनुसार मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिली, जिसकी उन्होंने



सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई थीं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चौरई तथा श्रम अधिकारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को गोविंद नायक ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भू-अभिलेख दुरुस्तीकरण से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की। समीक्षा में पाया गया कि एसडीएम द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने एसडीएम चौरई, संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की सब्सिडी से जुड़ी शिकायत पर भी पात्र हितग्राही को तत्काल लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।

### छिंदवाड़ा पहुंचते ही आईटीआई का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री का एक दिवसीय दौरा सुबह इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन के साथ शुरू हुआ। यहां से वे सीधे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली और युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा कलेक्टर कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### दिवंगत भाजपा नेता के घर पहुंचे उद्योगपतियों से भी की चर्चा

आईटीआई निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री दिवंगत भाजपा नेता लोकेश डेहरिया के निवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में निवेश करने वाले उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में औद्योगिक विकास निवेश और रोजगार के अवसरों को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निवेशकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश भी दिए।

### 1281 अधिकारी कर्मचारियों को मिला पदोन्नति का लाभ

एफडीडीआई ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1281 अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलने पर बधाई दी। इस दौरान नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा और प्रशासन दोनों क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरना सरकार की प्राथमिकता है ताकि आम लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों की पदोन्नति का मामला कई वर्षों से लंबित था। सरकार बनने के बाद इसे प्राथमिकता के साथ हल किया गया। उन्होंने कहा कि जब कानूनी और प्रशासनिक बाधाएं सामने आईं तब सरकार ने कर्मचारियों का अधिकार दिलाने का निर्णय लिया और सभी अड़चनें दूर कीं। उन्होंने कहा 'जो काम वर्षों तक नहीं हो पाया वह हमारी सरकार ने कुछ ही समय में पूरा कर दिखाया। कर्मचारियों के चेहरे पर दिखाई देने वाली खुशी ही सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई विभागों में अधिकारी विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया तक भूल चुके थे। सरकार ने व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाकर हजारों कर्मचारियों को उनका हक दिलाया है। जिन कर्मचारियों की पदोन्नति अभी बाकी है उन्हें भी चरणबद्ध तरीके से लाभ दिया जाएगा।

### जनता के बीच पहुंचेगी सरकार

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हर शुक्रवार जिला मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर तक जनता दरबार लगाए जाएंगे। इनमें मंत्री, विधायक, कलेक्टर, कमिश्नर और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। जनता से सीधे संवाद के जरिए उनकी समस्याओं को समझा जाएगा और मौके पर ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनविश्वास अभियान के चार प्रमुख आधार संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी हैं। जनता से मिलने वाले सुझावों और समस्याओं के आधार पर भविष्य की योजनाएं और नीतियां तैयार की जाएंगी।

### प्राकृतिक खेती और ग्रामीण पर्यटन पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय जरूरतों और कार्य संस्कृति के अनुरूप विकास की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। प्राकृतिक खेती, पशुपालन और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे जैसी पहलों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास अभियान के जरिए सरकार का लक्ष्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है।

# मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का शुभारंभ : बस से गांव पहुंचे संभागायुक्त, कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी

## जनकल्याण तथा उद्यमी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**● विधायक सुश्री उषा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का आज शुक्रवार को इंदौर जिले के ग्राम अंबा चंदन से शुभारंभ हुआ। अभियान के शुभारंभ अवसर पर संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति सहित जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी कलेक्टर कार्यालय परिसर से एक साथ बस में सवार होकर ग्राम अंबा चंदन के लिए रवाना हुए। ग्राम अंबा चंदन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक सुश्री उषा ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. सरदार मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अन्य जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। पूरे जिले में अभियान के अंतर्गत विभिन्न अधिकारियों के दल अलग-अलग गांवों में पहुंचे और वहां शासकीय संस्थाओं, मूलभूत सुविधाओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना तथा विभिन्न विभागों की सेवाओं को गांव स्तर पर सुलभ बनाना है। इसी उद्देश्य से ग्राम अंबा चंदन में विशाल जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया, जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।

अभियान के दौरान ग्राम नेउ गुराड़िया में विकसित मुख्यमंत्री जनविश्वास वाटिका में विधायक सुश्री उषा ठाकुर, संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने तथा वर्षा जल संग्रहण का आग्रह किया।

**स्कूल पहुंचकर बच्चों से की आत्मीय चर्चा-** विधायक सुश्री उषा ठाकुर, संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नेउ गुराड़िया तथा अंबाचंदन स्थित शासकीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, उपलब्ध सुविधाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नेउ गुराडिया में बच्चों को स्वयं पढ़ाया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया।

**अंबाचंदन में प्राचीन बावडी का निरीक्षण-** विधायक सुश्री उषा ठाकुर, संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अंबाचंदन में स्थित करीब 100 वर्ष पुरानी बावडी का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बावडी के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बावडी की साफ-सफाई की जाये, ताकि इसके जल का उपयोग हो सके।

**आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार की गुणवत्ता को परखा-** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां बच्चों एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने पोषण आहार की गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण पोषण सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

**उचित मूल्य दुकान का आकस्मिक निरीक्षण-** संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार ने शासकीय उचित मूल्य दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था , रिकॉर्ड संधारण तथा नापतौल की प्रक्रिया का परीक्षण किया और हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**जल संरक्षण के लिए किया श्रमदान-** विधायक सुश्री ठाकुर, संभागायुक्त श्री लक्षकार एवं कलेक्टर श्री वर्मा ने नेउ गुराड़िया में निर्मित जलघाट का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने श्रमदान कर सफाई अभियान में भाग लिया तथा जल संरक्षण के महत्व का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने नदी के कटाव को रोकने के लिए आवश्यक स्थानों पर पिचिंग कार्य कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

**स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र-** मुख्य कार्यक्रम स्थल ग्राम अंबा चंदन में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। अधिकारियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर समूहों की महिलाओं से चर्चा की तथा उनके उत्पादों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव भी साझा किये। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य का भी परीक्षण किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी भी बनाये गये।

**स्थानीय उद्यमियों ने साझा किए सफलता के अनुभव-** अभियान के अंतर्गत ग्राम अंबा चंदन में स्थानीय उद्यमियों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न उद्यमियों ने शासन की योजनाओं एवं वित्तीय सहायता का लाभ लेकर अपने व्यवसाय का विस्तार करने तथा आय में वृद्धि के अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार अपनाने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

**शिविर में शिकायतों का मौके पर हुआ निराकरण-** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी तथा राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने आवेदकों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया। शेष मामलों के समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

**विभिन्न गांवों में पहुंचे अधिकारियों के दल-** अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के अधिकारियों के पृथक-पृथक दल विभिन्न गांवों में पहुंचे। उन्होंने विद्यालय , आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य दुकान, पंचायत भवन, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से संवाद कर आवश्यक समस्याओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने, प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत बनाने तथा विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

**उद्यमियों ने साझा किए सफलता के अनुभव-** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम अंबाचंदन (तहसील महू) में उद्यमी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के संचालकों एवं उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों ने अपने उद्यमों की जानकारी देते हुए उद्योग स्थापना, रोजगार सृजन एवं व्यवसाय विस्तार के अनुभव साझा किए।

संवाद में मेसर्स राखी स्टील के श्री महेश पांचाल , जीडी इंडस्ट्री के श्री सौरव दमानी, एजी इंडस्ट्रीज के श्री अंकित गुप्ता, डी लाइट इंडस्ट्री के श्री राम चौहान, पाथ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के श्री आदित्य उपाध्याय, मेसर्स रेम्बो फ्लेक्सिट्रेड के श्री पंजवानी तथा उद्यम क्रांति योजनांतर्गत श्री अनिकेत एवं श्री अनिरुद्ध माहेश्वरी, सहित अन्य उद्यमियों ने अपनी-अपनी औद्योगिक इकाइयों एवं उनकी गतिविधियों की जानकारी दी। कृषक एवं उद्यमी जितेन्द्र पाटीदार ने भी प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इससे मेरी आय काफी बढ़ गई है।

उद्यम क्रांति योजना की हितग्राही श्रीमती पूजा वर्मा ने भी अपने उद्यम की सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि योजना के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने का अवसर मिला, जिससे आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, महू विधायक श्रीमती ऊषा ठाकुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, अन्य जिला अधिकारी, सरपंच सुश्री पाटीदार तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने उद्यमियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा की तथा शासन की विभिन्न स्वरोजगार एवं औद्योगिक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



## 10 स्वयं सहायता समूहों को एक करोड़ आठ लाख का सीसीएल का वितरण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने ग्राम अंबाचंदन में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 स्वयं सहायता समूहों को एक करोड़ आठ लाख का सीसीएल (नगद ऋण सीमा) वितरण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति एवं सरपंच सुश्री पाटीदार और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# समृद्धि सहकारी साख संस्था का शपथ विधि समारोह संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** समृद्धि सहकारी साख संस्था मर्यादित इंदौर का शपथ विधि समारोह औदुम्बर ब्राह्मण महासभा के जूनी इंदौर स्थित भवन में आयोजित किया गया।



समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा को तथा महासभा इंदौर के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने संस्था के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी एवं ज्योत्सना जोशी एवं संचालक मंडल के सदस्यों ओम प्रकाश दुबे, सूर्यकुमार पाठक, डॉ. प्रदीप जोशी, धर्मेश जोशी, विजय दुबे, किशोर पाठक, दिनेश दुबे एवं प्रतिभा जोशी को अतिथि गण अशोक चौधरी, धीरज दुबे, प्रमोद दुबे ने शपथ दिलवाई। मुख्य अतिथि प्रदीप जोशी ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। योगेश द्विवेदी ने कहा कि किसी भी संस्था के विकास के लिए उसके पदाधिकारियों की ईमानदारी पारदर्शिता एवं मिलन सरिता अत्यंत ही आवश्यक है। समृद्धि सहकारी साख संस्था मर्यादित के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि संस्था एवं समाज के विकास के लिए हमारी पूरी टीम प्रतिबद्ध है। प्रारंभ में सरस्वती वंदना अर्पित चौधरी ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर संस्था के लिए एक विज्ञापन गीत को भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में मधुसूदन गौर, प्रवीण जोशी, अजय चौधरी, डॉक्टर ओम प्रकाश जोशी, अजय बक्षी, साधना दुबे, संगीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज जन व क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# विशेष अभियान के तहत लगभग 1.50 करोड़ रुपये मूल्य के 25 हजार लीटर घी के विक्रय पर रोक

## ● 30 से अधिक नमूने जांच हेतु लिये गये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार प्रदेशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में आने वाले दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हाल ही में बाहरी राज्यों से आने वाले कुछ घी ब्रांडों के नमूने अमानक स्तर के पाए जाने के बाद संबंधित ब्रांडों के विरुद्ध विशेष नमूना कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे।**

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में गत 6 अगस्त को खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने विक्टर हाउस-1, गोल्डन पैलेस कॉलोनी, ए.बी. रोड स्थितपराग मिल्क फूड्स लिमिटेडके डिपो




का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड, पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा निर्मितगोवर्धन ब्रांड घीका भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठान पूरे मध्यप्रदेश में गोवर्धन ब्रांड घी की आपूर्ति करने वाला कंपनी डिपो है। प्रतिष्ठान केंद्रीय अनुज्ञप्तिधारी होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचना दी गई, जिसके बादएफएसएसएआई वेस्टर्न रीजन, ब्रांच ऑफिस इंदौरके केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची।कार्रवाई के दौरान गोवर्धन ब्रांड घी के विभिन्न पैकिंग आकारों के20 नमूनेजांच हेतु लिए गए। साथ ही लगभग25 हजार लीटर घी, जिसकी कीमतलगभग डेढ़ करोड़ रुपयेहै, उसे जांच पूरी होने तथा आगामी आदेश तक विक्रय किए जाने से रोक दिया गया। यह कार्रवाई एफएसएसएआई वेस्टर्न रीजन, ब्रांच ऑफिस इंदौर द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर के सहयोग से की गई।

इसी तरह खाद्य सुरक्षा प्रशासनके अधिकारियों नेभावण्या इंटरप्राइजेज, 5/5 साउथ हरसिद्धि, इंदौरपर भी कार्रवाई की। यहां सेगोपीश्री ब्रांड घीकेचार नमूनेजांच हेतु लिए गए। साथ ही लगभग312लीटर घी, जिसकी कीमतलगभग 1 लाख 34 हजार 700 रुपयेहैजिसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक जब्त कर लिया गया है।

इसी प्रकारप्राप्त शिकायत के आधार पर विजयनगर स्थित एक रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसोई परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता मानकों का समुचित पालन नहीं पाया गया। इस पर प्रतिष्ठान कोसुधार सूचना पत्र (Improvement Notice) जारी किया जा रहा है। साथ ही जांच के लिएपनीर, दही एवं मसालोंके नमूने लेकर उन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है।

एक अन्य शिकायत के संबंध में शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संपर्क कर शिकायत की पुष्टि की गई। इसके बाद शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए महू स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जहां सेबेसन, मिठाई, शक्करएवं नमकीनके कुलछह नमूनेजांच के लिए लिए गए। कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता ने संतोष व्यक्त किया।

### जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी वैधानिक कार्रवाई

विशेष अभियान के अंतर्गत लिए गए सभी नमूनों को परीक्षण के लिए संबंधित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं में भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांतखाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मूक-बधिर गोविंद को खुलवाई चाय की दुकान, बीट स्टाफ रखेगा नजर

**इंदौर।** हीरानगर पुलिस ने मानवीयता का परिचय देते हुए एक मूक-बधिर व्यक्ति को शुक्रवार को सुखलिया इलाके में चाय की दुकान खुलवाकर दी। बताया जाता है कि पूरा परिवार मूक-बधिर है। बोलने और सुनने में दिक्कत होने के चलते गोविंद को कहीं नौकरी नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में उसकी मदद के लिए पुलिस आगे आई और चाय की दुकान खुलवाकर रोजगार का साधन उपलब्ध कराया। वहीं, बीट के पुलिसकर्मियों ने उसकी दुकान का ध्यान रखने की जिम्मेदारी भी ली है। हीरानगर टीआई सुशील पटेल ने बताया कि मूक-बधिर गोविंद यादव, निवासी गौरी नगर, कुछ दिन पहले ज्ञानेंद्र पुरोहित के साथ उनके पास पहुंचे थे। ज्ञानेंद्र पुरोहित मूक-बधिर लोगों के लिए तुकोगंज में सहायता केंद्र चलाते हैं।

## नशा सुंघाकर जेवर लूटने के मामले में अहम सुराग मिले

### पांच दिन पहले महिला से हुई थी लूट, पुलिस को महाराष्ट्र गैंग पर शक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर क्षेत्र में महिला को बातों में उलझाकर नशा सुंघाने और जेवर लूटने के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज और उनके आने-जाने के रास्तों की जानकारी जुटा ली है। अब संदिग्धों की लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस को इस वारदात में महाराष्ट्र के सक्रिय ठग गिरोह के शामिल होने की आशंका है।

पीड़िता केसर मनावरे 2 अगस्त को चंदन नगर थाने पहुंची थीं। पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। शुरुआती तीन दिनों तक पुलिस ने लगातार क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और महिला द्वारा बताए गए पूरे रूट की पड़ताल की। अब तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। केसर मनावरे ने पुलिस को बताया कि वह चंदू वाले रोड से गुजर रही थीं। इसी दौरान गोसिया मस्जिद के पास दो युवकों ने उन्हें रोककर देवास जाने का रास्ता पूछा। बातचीत के दौरान आरोपियों ने उन्हें किसी नशीले पदार्थ की गंध सुंघा दी, जिससे वह कुछ देर के लिए बेसुध जैसी हो गईं।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा इंदौर

### कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महेश्वर से जल लेकर आई बाणेश्वरी कावड़ यात्रा शुक्रवार सुबह अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शहर भ्रमण पर निकली। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के बीच निकली यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा अन्नपूर्णा से महूनाका, लालबाग, कलेक्टोरेट और हरसिद्धि होते हुए राजवाड़ा पहुंची, जहां देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दुग्धाभिषेक किया गया। पूरे मार्ग में 300 से अधिक स्वागत मंचों से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।**



यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बच्चों के साथ बड़ी संख्या में बुजुर्ग श्रद्धालु भी शामिल हुए। श्रद्धालु हर्ष चौहान अपने डेढ़ वर्षीय बेटे चित्रांश को कंधे पर बैठाकर पूरी यात्रा में चले। उन्होंने बताया कि मन्नत पूरी होने पर वे बेटे को यात्रा में शामिल करने आए हैं। वहीं देपालपुर के अशोक ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से महेश्वर से जल भरकर कावड़ यात्रा में शामिल हो रहे हैं और भोलेनाथ की कृपा से लंबी यात्रा में भी थकान महसूस नहीं होती।

यात्रा में भगवान शिव, मां नर्मदा और धार्मिक परंपराओं पर आधारित झांकियां शामिल रहीं। आयोजक रुद्राक्ष शुक्ला ने बताया कि यह यात्रा पिछले 23 वर्षों से निकाली जा रही है। इसके माध्यम से युवाओं को सनातन परंपरा से जोड़ने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। मार्ग में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए फलाहार, पेयजल और प्रसादी की व्यवस्था की।

यात्रा के दौरान हाथ से पटाखा गन चलाने को लेकर एसीपी शिवेंद्र जोशी और विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला के बीच बहस हो गई। हालांकि, कुछ देर बाद मामला शांत हो गया। कावड़ यात्रा के चलते प्रशासन ने कई स्थानों पर सड़क का एक हिस्सा बंद कर वाहनों की आवाजाही दूसरी लेन से कराई। इसके कारण महूनाका, कलेक्टोरेट, हरसिद्धि और राजबाड़ा क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

Confidential Investigation & All type of Detective Services
DETECTIVE GROUP
+91-91110 50101
★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
★ Post-Marital Check
★ Individual Character (Personal Cases)
★ Missing Persons Investigation
★ Financial Services Industry
★ Background Investigation
★ Attomeys& Legal Services
★ Investigation (Audio / Video)
★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
★ Real Estate Fraud Investigation
★ Corporate & Financial Investigation Services
★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
★ Individual Clients Missing / Kidnapped
★ Background Investigation
★ Criminal Record Check
★ Cyber Fraud Investigation
★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करेगी युवा पीढ़ी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा में किया सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से संवाद

- भारत-मध्यप्रदेश को नंबर वन बनाएंगे युवा
- मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 का शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** 'हमारा प्रदेश विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प की दिशा में आज की युवा पीढ़ी भारत और मध्यप्रदेश को नंबर-वन पर ले जाएगी। हम सभी को इसी दिशा में काम करना होगा। प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार जन विश्वास अभियान चला रही है। सरकार के अधिकारी-कर्मचारी शिविर लगाकर हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में लगातार भर्ती की जा रही है। अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रमोशन दिया जा रहा है। सभी विभागों में लगातार भर्तियां की जा रही हैं।' यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 अगस्त को छिंदवाड़ा में जन विश्वास अभियान 2026 के मौके पर आयोजित सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स कार्यक्रम में कही। बता दें, सरकार युवाओं को सशक्त करने के लिए इंफ्लूएंसर्स को सम्मानित भी कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पांढुर्ना, नरसिंहपुर और बैतूल के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स से संवाद किया। उन्होंने सोशल मीडिया की बदलती भूमिका और जनसंचार में उसकी महत्ता पर विचार व्यक्त किए। इससे पहले कंटेंट क्रिएटर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंफ्लूएंसर्स के साथ सीधा भी संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स के सवालों का बखूबी जबाव भी दिया।

### सशक्त और प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया अपनी बात को तेजी से जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम बन चुका है। सकारात्मक, तथ्यपरक और समाज हित से जुड़े संदेशों के व्यापक प्रसार में कंटेंट क्रिएटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। सोशल मीडिया के माध्यम से शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों को अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स अपनी रचनात्मकता और प्रभाव का उपयोग समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने तथा जनहित के संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के लिए करें। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के इस दौर में विश्वसनीय और सकारात्मक जानकारी का प्रसार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए निवेश व उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इससे भी प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### कंटेंट क्रिएटर्स और इंफ्लूएंसर्स को देंगे अवॉर्ड

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए 'डिजिटल कंटेंट क्रिएटर अवॉर्ड' दिये जायेंगे। सकारात्मक सोच, सामाजिक जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देने वाले यूट्यूबर्स और रील मेकर्स को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। इससे प्रेरित होकर कई युवाओं ने सकारात्मक सोच के साथ नवाचार भी किया है।

---

#### श्रावण में महाकाल नगरी बनी शिवमय

### उमड़ पड़ा आस्था का महासैलाब

## आठ दिन में दरबार में पहुंचे 29 लाख से ज्यादा भक्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** देवाधिदेव बाबा महाकाल की नगरी में इस बार श्रावण मास ने आस्था के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुबह भस्म आरती से लेकर रात शयन आरती तक सिर्फ और सिर्फ भक्त ही भक्त नजर आ रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 30 जुलाई से 6 अगस्त 2026 तक महज आठ दिनों में 29,28,349 श्रद्धालुओं ने भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।

**3 अगस्त को बना ऐतिहासिक रिकॉर्ड-** सप्ताह का सबसे व्यस्त दिन तीन अगस्त रहा। इस दिन 6,13,849 श्रद्धालु महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे। लाइनें चार किलोमीटर तक पहुंच गई थीं। इसके बाद 2 अगस्त को 4,76,109 और 1 अगस्त को 4,19,732 भक्तों ने दर्शन किए।

**जानिए कितने श्रद्धालु आए उज्जैन-** 30 जुलाई 2026 गुरुवार 2,23,542 श्रावण का गुरुवार, 31 जुलाई 2026 शुक्रवार 2,79,841 सप्ताहांत की शुरुआत, 1 अगस्त 2026 शनिवार 4,19,732 भीड़ दोगुनी, 2 अगस्त 2026 रविवार 4,76,109 महाकाल। सवारी का दिन, 3 अगस्त 2026 सोमवार 6,13,849 रिकॉर्ड तोड़ भीड़, 4 अगस्त 2026 मंगलवार 3,17,331 भादो की शुरुआत, 5 अगस्त 2026 बुधवार 2,97,649 सामान्य दिन, 6 अगस्त 2026 गुरुवार 3,00,296।कुल 8 दिन 29,28,349 लगभग 30 लाख के करीब श्रद्धालु उज्जैन आए।

**प्रशासन अलर्ट-** इतनी भारी भीड़ को देखते हुए कलेक्टर और एसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अतिरिक्त बैरिकेड, 500+ पुलिस जवान, मेडिकल कैंप, पेयजल और खोया-पाया केंद्र बनाए गए हैं। मंदिर के 4 प्रवेश द्वारों से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है। भक्त राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र के साथ-साथ विदेशों से भी पहुंच रहे हैं। हर तरफ जय श्री महाकाल के जयकारे और डमरू की गूंज सुनाई दे रही है। पुजारी का कहना - सावन में महाकाल के दर्शन मात्र से मोक्ष मिलता है। इसी वजह से भक्तों की आस्था हर साल बढ़ती जा रही है।

---

## प्रशिक्षु छात्राएं आत्मविश्वास रखें, तकनीकी दक्षता के साथ अपनी जड़ों से जुड़े : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



- मुख्यमंत्री ने शासकीय आदिवासी महिला आईटीआई में किया प्रशिक्षु छात्राओं से संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास देश की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षु छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें, तकनीकी दक्षता के साथ अपनी जड़ों और खेती से भी जुड़े रहें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शासकीय आदिवासी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु छात्राओं से संवाद कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी श्री राकेश सिंह, सांसद श्री विवेक बंटी साहू, मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षु छात्राओं से उनके प्रशिक्षण, भविष्य की योजनाओं तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मैकेनिकल लैब में उन्होंने सीआरडीआई फोर-स्ट्रोक डीजल इंजन के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा लेथ मशीन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं की सराहना की।

फिटर ट्रेड की प्रशिक्षु सुषमा उइके ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके माता-पिता कृषि कार्य से जुड़े हैं और वह तकनीकी प्रशिक्षण लेकर इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रा से कहा "इसी आत्मविश्वास को बनाए रखिए'। तकनीकी कौशल के साथ खेती से भी जुड़े रहिए।संवाद के दौरान प्रशिक्षु राधा उइके ने बताया कि वह प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीकों का उपयोग खेती-किसानी में भी करेंगी तथा भविष्य में स्वयं की टेक्निशियन मशीन और हार्डवेयर वर्कशॉप स्थापित करना चाहती हैं।

---

## एमपी में 20% बारिश की कमी, 49 जिलों में सामान्य से कम गिरा पानी, आज 3 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार कमजोर रहने से बारिश का आंकड़ा सामान्य से 20 प्रतिशत नीचे पहुंच गया है। इसी बीच शनिवार को पन्ना, सतना और रीवा में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान करीब 4 इंच तक पानी गिर सकता है। प्रदेश के बाकी हिस्सों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश में अब तक औसतन 16.8 इंच बारिश हुई है, जबकि इस अवधि में करीब



21 इंच पानी गिरना चाहिए था। यानी अब तक 4.2 इंच बारिश कम हुई है। सामान्य मानसूनी बारिश का आंकड़ा 37.3 इंच है। पन्ना, सतना और रीवा में शनिवार को होने वाली तेज बारिश से स्थानीय स्तर पर बारिश की कमी कुछ कम हो सकती है, लेकिन पूरे प्रदेश के आंकड़े पर इसका बड़ा असर पड़ना मुश्किल है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश के कई जिलों में अब भी सामान्य से काफी कम पानी गिरा है। जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में सामान्य से करीब 23 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। इन संभागों के कई जिलों में बारिश की कमी 5 से 48 प्रतिशत तक है। प्रदेश के 49 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़ और उमरिया समेत कई जिलों में बारिश की कमी बनी हुई है।

# संपादकीय

## राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के अपमान पर अब सख्त कार्रवाई

भारत सरकार ने राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान को और अधिक मजबूती देने के लिए एक बड़ा और कड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार द्वारा ' राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2026' (The Prevention of Insults to National Honour (Amendment) Act, 2026) को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित कर दिया गया है। इस नए कानून के तहत अब राष्ट्रगान ( National Anthem ) के साथ-साथ राष्ट्रगीत ( National Song ) के गायन में बाधा डालना या किसी भी प्रकार का व्यवधान पैदा करना भारी पड़ सकता है। यह नया कानून 1971 के पुराने 'राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम' में महत्वपूर्ण संशोधन करता है। दोनों सदनों से पारित होने और राष्ट्रपति की अंतिम सहमति मिलने के बाद, इसे 6 अगस्त 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है। कानून का मुख्य आधार राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखना और उनके प्रति किसी भी प्रकार के जानबूझकर किए गए अपमानजनक कृत्यों को कानूनी दायरे में लाकर रोकना है। कानून में हुए बदलाव के तहत पुराने कानून की धारा 3 को पूरी तरह से नए प्रावधान से बदल दिया गया है। अब नई धारा 3 के अंतर्गत न केवल राष्ट्रगान, बल्कि 'राष्ट्रगीत' को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है। बदलाव यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि देश की राष्ट्रीय पहचान से जुड़े इन दोनों प्रतीकों को समान कानूनी संरक्षण प्राप्त हो। नए कानून के प्रावधान सख्त है। कानून की नई धारा 3 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत के गायन को होने से रोकता है, गायन में लगी किसी भी सभा या जनसमूह के कार्य में बाधा डालता है तो दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की जेल की सजा दी जा सकती है। कानून में जुर्माने का भी प्रावधान है। न्यायालय अपराध की गंभीरता के आधार पर तीन साल तक जेल या जुर्माना, या दोनों की सजा सुना सकता है। एडवोकेट मनीष भदौरिया कहते है कि यह संशोधन राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति देश के नागरिकों की संवैधानिक जिम्मेदारी को कानून के माध्यम से और अधिक स्पष्ट करता है। अब पुलिस और प्रशासन के पास राष्ट्रगीत के अपमान की स्थिति में भी सीधी कार्रवाई करने का अधिकार होगा। अब पूर्ण अनुशासन और सम्मान बनाए रखना हर नागरिक का कानूनी कर्तव्य है।

### विक्रम बेताल की कहानी

# अपराधी कौन?



पेड़ पर उल्टे लटके बेताल को एक बार फिर अपन कंधे पर उठाकर राजा विक्रमादित्य ने श्मशान की ओर चलना शुरू किया, तो बेताल ने एक नई कहानी शुरू कर दी। बेताल बोला.

एक बार की बात है, बनारस में हरिस्वामी नाम का एक ब्राह्मण रहता था। उसकी पत्नी बहुत सुन्दर थी और उसका नाम लावण्यवती था। लावण्यवती का रूप इतना सुन्दर था कि कोई भी पुरुष उस पर मोहित हो जाता। एक दिन लावण्यवती अपने घर की छत्त पर सो रही थी। जैसे ही आधी रात हुई, एक गंधर्व कुमार आकाश मार्ग से उड़ता हुआ जा रहा था। उसकी नजर लावण्यवती पर पड़ी तो वो उसकी ओर आकर्षित हो गया। गंधर्व कुमार लावण्यवती को उठाकर ले गया। हरिस्वामी ने सुबह उठकर देखा तो उसकी पत्नी गायब थी।

हरिस्वामी के लिए यह बड़े दुख की बात थी। वह अपनी पत्नी के अपहरण से इतना दुखी हुआ कि उसने आत्महत्या करने की ठान ली। जब लोगों को यह बात पता चली तो उन्होंने हरिस्वामी को समझाया कि उसे तीर्थ यात्रा करनी चाहिए। तीर्थ यात्रा से सारे पाप कट जाएंगे और तुम्हारी पत्नी तुम्हें वापस मिल जाएगी। हरिस्वामी के पास और कोई विकल्प न था इसलिए वो तीर्थ यात्रा के लिए घर से निकल पड़ा।

हरिस्वामी जब एक गांव से गुजर रहा था तो उसे भूख लगी। वह एक ब्राह्मण के घर पहुंचा। ब्राह्मण की पत्नी ने हरिस्वामी को खीर खाने को दी। हरिस्वामी उस खीर को लेकर एक तालाब के किनारे पहुंचा ताकि वो मुहं हाथ धोकर खीर खा सके और प्यास लगने पर उसे पानी भी मिल जाए। खीर का कटोरा एक पेड़ के नीचे रखकर हरिस्वामी हाथ पैर धोने लगा। तभी उस पेड़ पर एक बाज आकर बैठ गया। बाज के मुहं में सांप था और वो उसे खा रहा था। सांप का जहर हरिस्वामी की खीर में टपक गया। भूखा हरिस्वामी जल्दी-जल्दी उस खीर को खा गया। उसे ये पता ही नहीं चला कि खीर में जहर है।


जहर हरिस्वामी के शरीर में फैल गया और वो तड़पने लगा। हरिस्वामी दौड़कर ब्राह्मण की पत्नी के पास आकर कहने लगा कि तूने मुझे जहर क्यों दिया और इतना कहकर वो मर गया। ब्राह्मण ने जब यह देखा तो उसने अपनी पत्नी की एक बात भी नहीं सुनी और उस पर ब्राह्मण हत्या का दोष लगाकर अपने घर से निकाल दिया।

इतनी कहानी सुनाकर बैताल ने राजा विक्रमादित्य से पूछा, "राजन बताओ कि इस कहानी में अपराधी कौन है सांप, बाज या ब्राह्मण की पत्नी? राजा ने उत्तर दिया, "इस कहानी में इन तीनों में से कोई अपराधी नहीं हैं, क्योंकि सांप अपने शत्रु यानी बाज के वश में था, वह कुछ कर ही नहीं सकता था। बाज ने जान बूझकर खीर में जहर नहीं मिलाया, बल्कि वो तो शांतिपूर्वक अपना खाना खा रहा था। ब्राह्मण की पत्नी ने अतिथि का सत्कार किया था, उसे भोजन दिया था। जो इन तीनों को दोषी कहेगा, वो खुद दोषी माना जाएगा। इस कहानी में अगर कोई अपराधी है तो वो है ब्राह्मण, जिसने बिना विचार करे और सच्चाई को जाने बिना अपनी निर्दोष पत्नी को बेघर कर दिया।" बैताल बोला, "राजन आपने इस बार भी बिलकुल सही जवाब दिया है।" इतना कहकर बैताल फिर से उड़कर पेड़ पर जा लटका। राजा विक्रमादित्य उसे पकड़ने के लिए उसके पीछे भागे।

### कहानी से सीख

हमें बिना जांच-पड़ताल किए कोई भी बड़ा निर्णय नहीं लेना चाहिए।

### रंग भरो



Himachal Pradesh

# हिमाचल में बड़ा हादसा: चंबा के तीसा-बैरागढ़ मार्ग पर यात्रियों से भरी बस पलटी, आठ लोगों की मौत

**चंबा, (एजेंसी)** हिमाचल के चंबा जिले में शनिवार सुबह एक बड़ा बस हादसा हुआ। तीसा-बैरागढ़ मार्ग पर चालुज मोड़ के पास यात्रियों से भरी शर्मा बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भीषण हादसे में आठ लोगों की जान चली गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हुए हैं।

घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बन गया। बैरागढ़ से चंबा की ओर जा रही यह निजी बस हादसे का शिकार हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस में करीब 20 से 25 सवारियां मौजूद थीं।

पुलिस अधीक्षक चंबा विजय सकलानी ने बस दुर्घटना की सूचना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी। घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने की तैयारी चल रही है। हादसे की पूरी स्थिति पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।



**राहत और बचाव कार्य**-हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण और स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। पुलिस और प्रशासन की टीम के पहुंचने के बाद बचाव कार्य में तेजी आई।

Karnataka

## कांग्रेस नेता का दिनदहाड़े मर्डर, पुलिस मुठभेड़ में मुख्य शूटर गिरफ्तार



**बेंगलुरु, (एजेंसी)** शुक्रवार को कर्नाटक में कांग्रेस नेता और कारोबारी डेविड डिसूजा की सरेआम दो मोटरसाइकल सवार युवकों ने हत्या कर दी थी. हत्या के मुख्य आरोपी शूटर को बिंदूर के पास ओट्टिनने इलाके में पुलिस की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है. मामले में दो अन्य आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गए, हालांकि पुलिस उनकी तलाश में जुटी है.

आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी राजू के रूप में हुई. आरोपी राजू ने जब कथित तौर पर पुलिस टीम पर हमला किया तो पुलिस ने अपने बचाव में आरोपी पर गोली चलाई. आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई.

पुलिस मुठभेड़ में SI तेजस्वी भी घायल हो गए हैं. फिलहाल उनका एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है. आरोपी राजू का भी इलाज जारी है. आरोपी को मणिपाल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है.

मामले में दो अन्य आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहे. फिलहाल पुलिस की टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं. मालूम हो, शुक्रवार 7 अगस्त को कांग्रेस नेता, ठेकेदार और ग्राम पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डेविड डिसूजा की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. मोटरसाइकल पर आए दो अज्ञात हमलावरों ने डेविड डिसूजा पर तीन राउंड गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी. हत्या के बाद वे दोनों फौरन वहां से फरार हो गए थे.

प्रथम दृष्टया यह वित्तीय विवाद का मामला लग रहा है.

Jharkhand

## 10 लाख के इनामी माओवादी सालुका कायम ने दो महिला माओवादियों संग किया सरेंडर, पुलिस को बड़ी कामयाबी



**रांची, (एजेंसी)** रांची के कोल्हान क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान के बीच एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, दस लाख रुपये के इनामी माओवादी सालुका कायम उर्फ सालुका उर्फ डांगिल उर्फ मारू उर्फ भुवनेश्वर कायम ने दो महिला माओवादियों के साथ पश्चिमी सिंहभूम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।जानकारी के मुताबिक, सालुका कायम सोढो कायम का पुत्र है और पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदाबुरू कायमसाई गांव का निवासी है। वह प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की साउथ जोन सेंट्रल कमेटी से जुड़ा सक्रिय सदस्य बताया जाता है। पुलिस रिकॉर्ड में उस पर दस लाख रुपये का इनाम घोषित है।

Uttarpradesh

दोस्त ही बने जान के दुश्मन

## अवैध संबंधों के शक में युवक को दी दर्दनाक मौत, पुलिस ने 48 घंटे में खोला राज

**मऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में 2 व्यक्तियों ने अपनी पत्नी और प्रेमिका से कथित तौर पर संबंध होने के कारण 30 वर्षीय दोस्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक बलवंत सिंह का शव बीते मंगलवार को हलधरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गहनी गांव में सड़क किनारे झाड़ियों में उसका शव मिला। बलवंत खुद भी शादीशुदा था।


अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बलवंत के आरोपी विवेक सिंह की पत्नी और देवेंद्र यादव की प्रेमिका के साथ कथित रूप से संबंध थे, जिसके कारण दोनों से उसकी दुश्मनी हो गई थी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बलवंत को कथित तौर पर डंडों से पीटा और उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम बलवंत अपने घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित एक ट्यूबवेल पर गया था। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने उसका शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।



खेल

# हेड ने लगातार दूसरी बार जीता एलन बॉर्डर मेडल, स्टार्क बने टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर






**नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शानदार 2025-26 अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित एलन बॉर्डर मेडल अपने नाम कर लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पुरस्कार समारोह में हेड ने बेहद करीबी मुकाबले में विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी को सिर्फ एक वोट से पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की।**

हेड ने पिछले सत्र में तीनों प्रारूपों में कुल 30 मैच खेले और 1437 रन बनाए। उनके शानदार प्रदर्शन में पर्थ में एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में 83 गेंदों पर खेली गई 123 रन की मैच विजयी पारी और एडिलेड टेस्ट में बनाए गए 170 रन विशेष रहे।

हेड को कुल 153 वोट मिले, जबकि दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के उनके साथी एलेक्स कैरी 152 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कैरी ने 24 मैचों में 1,079 रन बनाने के अलावा विकेट के पीछे 28 शिकार किए और ऑस्ट्रेलिया की एशेज बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क 150 वोट के साथ एलन बॉर्डर मेडल की दौड़ में तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि, उन्होंने शेन वॉर्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार अपने नाम किया। स्टार्क ने 11 टेस्ट मैचों में 24 के औसत से 57 विकेट चटकाए। एशेज सीरीज में उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। इस दौरान उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट भी हासिल किए। सीमित ओवरों के प्रारूप में टी20 कप्तान मिचेल मार्श को मेन्स वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। उन्होंने छह मैचों में 304 रन बनाए। वहीं, पावर-हिटर टिम डेविड को मेन्स टी20 इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। डेविड के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ 37 गेंदों में नाबाद 102 रन की पारी सत्र का सबसे बड़ा आकर्षण रही। यह किसी ऑस्ट्रेलियाई पुरुष बल्लेबाज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक भी रहा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ क्रिकेट जेम्स ऑलसॉप ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए हेड के लगातार दूसरी बार एलन बॉर्डर मेडल जीतने को शानदार उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि हेड ने यादगार पारियों से प्रशंसकों के लिए खास पल बनाए, जबकि स्टार्क दुनिया के महान तेज गेंदबाजों की श्रेणी में पहुंच चुके हैं। उन्होंने मार्श और टिम डेविड के सफेद गेंद के क्रिकेट में प्रदर्शन की भी सराहना की।

सिनेमा

## सलमान खान के घर के बाहर तैनात पुलिसकर्मी की अचानक मौत, ड्यूटी करते हुए गई जान






बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर सुरक्षा ड्यूटी निभा रहे एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद पुलिसकर्मी की जान गई. मृतक पुलिसकर्मी की पहचान गणेश रायते के रूप में हुई है. उनकी उम्र 41 साल थी. वो मुंबई पुलिस की LA-4 यूनिट में तैनात थे. जानकारी के मुताबिक, गणेश रायते शुक्रवार शाम करीब 6 बजे ड्यूटी पर मौजूद थे. इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और वो मौके पर ही गिर पड़े. वहां मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर गए. उन्हें इलाज के लिए भाभा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जानकारी में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है. गणेश रायते की ड्यूटी सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के तहत लगाई गई थी. सलमान की सुरक्षा पहले से कड़ी की गई है, जिसके चलते उनके घर के आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है. फिलहाल पुलिस की ओर से घटना को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. गणेश रायते की अचानक मौत से पुलिस विभाग में भी शोक का माहौल है.

Highlights

1. Which firsts has Squadron Leader Bhawana Kanth achieved as IAF woman fighter pilot?
2. Home Minister Shah comes to Parliament & stays late till night: Rijiju to Opposition parties
3. Businessman with ₹500 cr net worth sparks debate over fake Rolex
4. Bengaluru RTO seizes 263 unauthorised bike taxis
5. Bangladeshi rickshaw puller's Bob Dylan song amazes internet
6. Mumbai man fires air gun during birthday, video sparks outrage
7. Sukhbir Badal meets PM Modi ahead of Punjab Assembly polls
8. IRCTC launches 10-day Japan tour package starting at ₹3.45 lakh

# Beyond PCs: Harish Kohli on Acer India's rise and an 'Acer House' dream



**NEW DEIHI, (Agency).** The global semiconductor supply chain is notoriously unforgiving. Over the past twelve months, the broader tech industry has watched a component conundrum ripple across supply chains worldwide. PC makers scrambled for stocks of RAM, storage, and processors from both Intel and AMD. For consumers, this translates to wild price fluctuations and often vanishing inventory. Yet, amid this macroeconomic turbulence, Acer India quietly surged to the number two spot in the country's PC market in Q1 2026, capturing a formidable 21.3% market share. That is, according to research firm IDC's India Quarterly Personal Computing Device Tracker for the period.

"It all started to go wrong around this time last year. The first few months are bad because you're not prepared. But experience starts to teach you. The way forward was very, very clear — it has to be planning, planning, and planning," says Harish Kohli, president and managing director for Acer India, in a conversation with HT, reflecting on the geopolitical and supply chain shocks.

Kohli isn't speaking in platitudes. As chipsets became scarce, Acer faced a dilemma: whether to downgrade specs from DDR5 memory to DDR4 to maintain volume. However, mismatched chipset availability across Intel and AMD platforms threatened to further fragment choices. Instead of jumping between technologies to chase short-term shipments, Acer focused on standardisation.

By budgeting pricing based on calculated delivery windows, the company shielded its channel partners from erratic price hikes that plagued competitors trying to pad their market share numbers. "We managed it to a very large extent by doing a lot of homework to determine when delivery is likely to happen and budgeting the pricing based on that — whether a price will be valid for 30 days or 45 days. We avoid dramatic month-to-month price jumps that confuse channel partners and customers. Some brands inflate prices by 20% to chase shipment numbers, but we don't do that globally or in India," Kohli says. The strategy paid off, allowing Acer to execute massive, time-sensitive orders. "Thankfully, we have come through the last nine difficult months unscathed, even executing large, time-bound transactions — like supplying notebooks for ELCOT before the Election Commission declared the election schedules," he says. The Tamil Nadu government had earmarked ₹2,000 crore for distribution of laptops for college students for the financial year 2025-26. In a revised order in October last year, Acer was given an order for 5,50,000 laptops, alongside HP India (3,50,000 laptops) and Dell India (1,00,000 laptops) This Q1 shipment milestone stands in stark contrast to Acer's global positioning, where the brand is heavily anchored in the consumer space.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक